# कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

## सत्रांत परीक्षा, सत्र- 2025-26

**कक्षा: 7 , विषय: हिंदी**

**भाग-2 (साहित्य एवं लेखन), सेट-'बी'**

**दिन व दिनांक: शुक्रवार- मार्च 13, 2026**

**अधिकतम अंक: 40**          **समय सीमा: 2 घंटा**

**नाम: ________________**          **अनुक्रमांक: ________**

---

***<u>सामान्य निर्देश -</u>***

*i) इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 4 तथा कुल 6 प्रश्न हैं |*

*ii) इस प्रश्न-पत्र में दो खंड हैं-खंड क-'साहित्य' तथा खंड - ख 'लेखन'*

*iii) प्रश्न-1 के लिए 6 अंक जिसमें 6 उपप्रश्न हैं, प्रश्न-2 के लिए -10 अंक - 4 उपप्रश्न ,प्रश्न-3 के लिए 9 अंक - 3 उपप्रश्न तथा प्रश्न 4 , 5, 6 के लिए 5-5 अंक निर्धारित हैं |*

*iv) सभी प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है |*

*v) उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न-पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लीजिए|*

**खंड 'क' <u>साहित्य</u>** **(25अंक)**

**प्रश्न1)** दिए गए पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए उचित विकल्प चुनकर लिखें - **(1×6=6)**

1857 के आंदोलन के दौरान बाबू कुँवर सिंह का नाम बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है। जगदीशपुर के राजा होने के बावजूद, उन्होंने अपनी रियासत के सुख-सुविधाओं को त्यागकर अंग्रेज़ों के विरुद्ध हथियार उठाए। जब दानापुर की सैन्य टुकड़ी ने विद्रोह किया और आरा पर कब्ज़ा कर लिया, तो कुँवर सिंह ने उनका नेतृत्व किया। उनकी रणनीति इतनी अचूक थी कि अंग्रेज़ सेना उनके सामने टिक न सकी। कुँवर सिंह केवल युद्ध कौशल में ही निपुण नहीं थे, बल्कि वे एक अत्यंत उदार और परोपकारी व्यक्ति भी थे। उन्होंने अपने जीवन काल में कई पाठशालाएँ बनवाईं, कुएँ खुदवाए और जलाशयों का निर्माण करवाया। उनकी वीरता की सबसे बड़ी मिसाल तब देखने को मिली जब अपनी बांह में अंग्रेज़ों की गोली लगने पर, उन्होंने स्वयं ही अपनी बांह काटकर गंगा मैया को अर्पित कर दी ताकि ज़हर पूरे शरीर में न फैले। उनका यह बलिदान और अदम्य साहस भारतीय इतिहास में अमर है।

i) कुँवर सिंह ने अपनी रियासत की सुख-सुविधाओं को त्यागकर विद्रोह का रास्ता क्यों चुना? (1)

(क) वे अपनी रियासत का विस्तार करना चाहते थे।

(ख) वे अंग्रेज़ों की गुलामी और उनके अत्याचारों से देश को मुक्त कराना चाहते थे।

(ग) उन्हें शिकार खेलने का बहुत शौक था।

(घ) वे अन्य राजाओं को अपनी शक्ति दिखाना चाहते थे।

ii) दानापुर की सैन्य टुकड़ी के विद्रोह के बाद कुँवर सिंह ने कहाँ का नेतृत्व संभाला? (1)

(क) दिल्ली

(ख) आरा

(ग) कानपुर

(घ) झाँसी

iii) कुँवर सिंह के व्यक्तित्व की कौन-सी मुख्य विशेषता गद्यांश में उभरकर आती है? (1)

(क) स्वार्थी और क्रूर स्वभाव

(ख) उदार और परोपकारी व्यक्तित्व

(ग) डरपोक और कमज़ोर इच्छाशक्ति

(घ) विलासी जीवन जीने की चाह

iv) कुँवर सिंह ने अपनी बाँह काटकर गंगा मैया को क्यों अर्पित कर दी ? (1)

(क) अपनी धार्मिक आस्था दिखाने के लिए

(ख) शरीर में गोली का ज़हर फैलने से रोकने के लिए

(ग) अंग्रेज़ों को डराने के उद्देश्य से

(घ) युद्ध के मैदान से भागने के लिए

v) समाज सेवा के क्षेत्र में कुँवर सिंह का क्या योगदान रहा? (1)

(क) उन्होंने विदेशी व्यापार को बढ़ावा दिया

(ख) उन्होंने केवल किलों का निर्माण करवाया

(ग) उन्होंने पाठशालाएँ, कुएँ और जलाशय बनवाए

(घ) उन्होंने समाज सेवा में कोई रुचि नहीं ली

vi) नीचे दिए गए कथन - कारण के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए - (1)

- कथन - वीर कुँवर सिंह को केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि एक समाज सुधारक के रूप में भी जाना जाता है।

- कारण - उन्होंने युद्ध में व्यस्त रहने के बावजूद पाठशालाओं, कुओं और जलाशयों के निर्माण जैसे जनकल्याणकारी कार्यों में सक्रिय योगदान दिया।

(क) कथन और कारण दोनों गलत हैं |
(ख) कथन गलत है लेकिन कारण सही हैं|
(ग) कथन सत्य है लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है|
(घ) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है |

**प्रश्न2)** निम्नलिखित में से किन्हीं <u>चार प्रश्नों</u> के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए- (2.5×4=10)

i) मछली के माध्यम से रहीम ने सच्चे प्रेम की क्या परिभाषा दी है? पाठ 'रहीम के दोहे' के आधार पर उत्तर दीजिए| (2.5)

ii) 'भोर और बरखा' कविता के पहले पद में यशोदा माता कृष्ण को किस प्रकार जगाने का प्रयास कर रही हैं? (2.5)

iii) पाठ-'कठपुतली' के आधार पर बताइए कि पहली कठपुतली की बात सुनकर अन्य कठपुतलियों के मन में क्या इच्छा जगी थी ? (2.5)

iv) पाठ- खान-पान की बदलती तस्वीर में खान-पान की बदलती तस्वीर का अर्थ बताते हुए इसके कारण भी लिखिए | (2.5)

v) पाठ - 'नीलकंठ' में कुब्जा मोरनी के आने से जालीघर का वातावरण कैसे बदल गया? (2.5)

**प्रश्न3)** निम्नलिखित में से किन्हीं <u>तीन प्रश्नों</u> के उत्तर 40-50 शब्दों में लिखिए- (3×3=9)

i) तरुवर फल नहिं खात है, सरवर पियहिं न पान।" - परोपकार के इस उदाहरण को आप अपने दैनिक जीवन में किस प्रकार लागू कर सकते हैं? किन्हीं दो कार्यों का उल्लेख कीजिए। (3)

ii) सावन की बरखा केवल प्रकृति का परिवर्तन नहीं, बल्कि मीरा के अंतर्मन की खुशी का प्रतीक है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए कि प्राकृतिक वातावरण हमारे मानसिक भावों को किस प्रकार प्रभावित करता है? (3)

iii) खान-पान की मिश्रित संस्कृति ने जहाँ हमें विकल्प दिए हैं, वहीं इसने हमारे स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव डाला है? कारण सहित उत्तर लिखिए। (3)

iv) नीलकंठ के स्वभाव और उसके कर्तव्यों को देखते हुए, क्या आपको लगता है कि पशु-पक्षियों में भी 'नेतृत्व' और 'सुरक्षा' की भावना मनुष्यों की तरह ही होती है? पाठ के संदर्भ में तर्क सहित उत्तर दीजिए। (3)

## खंड - ख 'लेखन' (15अंक)

प्रश्न4) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80 - 100 शब्दों की एक लघु कथा अथवा डायरी लिखिए- (5)

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 10-12 वाक्यों की लघुकथा लिखिए -

मोबाइल की आदत

अथवा

निम्नलिखित विषय पर डायरी लिखिए-

किसी रात आपने कोई डरावना या अजीब सपना देखा हो, उसका वर्णन करते हुए डायरी लिखें |

प्रश्न5) दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए- (5)

छोटे भाई को समय का सदुपयोग करने और बुरी संगति से दूर रहने की सीख देते हुए पत्र लिखिए |

अथवा

मित्र के असफल होने पर उसका उत्साह बढ़ाने के लिए पत्र लिखिए ।

प्रश्न6) निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर 10 -12 संवाद लिखिए- (5)

बस की प्रतीक्षा करते हुए दो अजनबियों के बीच बढ़ती भीड़ और यातायात की समस्या पर संवाद।

अथवा

दो सहेलियों के बीच इंस्टाग्राम/फेसबुक के बढ़ते चलन और समय की बर्बादी पर बातचीत ।